DATE

# गुलीवर की यात्रा

"अच्छे लोग अपनी अच्छाई के बल पर विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बना लेते हैं।"

## श्रुतलेखन (12)

| | | | |
|---|---|---|---|
| यात्राएँ | समुद्र | प्रयास | तालियाँ |
| स्वदेश | जहाज़ | अनुमति | धागे |
| बौछार | बेहोश | गाड़ी | राजमहल |

गृहकार्य :- शब्दार्थ कॉपी में लिखें।

## प्रश्नोत्तर :- कुछ शब्दों में

प्र० क गुलीवर को क्या करना अच्छा लगता था?

उत्तर गुलीवर को यात्राएँ करना अच्छा लगता था।

प्र० ख गुलीवर ने कितने लिलिपुटवासियों के भोजन के बराबर खाना खाया?

उत्तर गुलीवर ने सैकड़ों लिलिपुटवासियों के भोजन के बराबर खाना खाया।

PAGE No.
DATE

प्र३ लिलिपुटवासी गुलीवर को राजमहल कैसे ले गए?

उत्तर लिलिपुट वासी गुलीवर को गाड़ी में लादकर राजमहल ले गए।

प्र०४ गुलीवर ने टेलिस्कोप से क्या देखा?

उत्तर गुलीवर ने टेलिस्कोप से देखा कि शत्रु देश ने पचास से भी ज्यादा जहाज़ खड़े कर रखे हैं।

## कुछ वाक्यों में

प्र० गुलीवर की जब आँख खुली तो उसने क्या देखा?

गुलीवर ने आँख खुलने पर अपने-आपको पतले-पतले धागों में बँधा हुआ पाया।

प्र०२ गुलीवर ने हार मानने का अभिनय क्यों किया? उसके बाद क्या हुआ?

उ० बौने तीर बरसाना बंद कर देंगे, यह सोचकर गुलीवर ने हार मानने का अभिनय किया। सच में, उसके बाद बौनों ने तीर बरसाना बंद कर दिया।

PAGE No.
DATE

प्र० ग गुलीवर के पैरों में जंजीरे क्यूं बँधवा दी गई ?

उत्तर भीमकाय गुलीवर जागने पर भागने की कोशिश न करें इसीलिए उसके पैरों में जंज़ीरें बँधवा दी गई।

प्र० घ गुलीवर ने सांकेतिक भाषा में लिलिपुटवासियों से क्या बात की और उसका क्या परिणाम हुआ?

उत्तर गुलीवर ने सांकेतिक भाषा में लिलिपुटवासियों से भोजन माँगा। उसकी बात समझते ही वे टोकरे भर-भर कर खाद्य सामग्री ले आए।

प्र० ङ. गुलीवर ने लिलिपुटवासियों की मदद किस प्रकार की ?

उत्तर गुलीवर लिलिपुट के शत्रु देश के सभी जहाज़ों को खींचकर लिलिपुट ले आया इस प्रकार उसने लिलिपुट वासियों की मदद की।

• खाड़ी में शत्रु देश के पचास ...

उ. खाड़ी में शत्रु देश के ... की अनुमति माँगी।

• **गुलीवर ने राजा से कहाँ जाने की अनुमति ...**

उ. गुलीवर ने राजा से स्वदेश (अपने देश) जाने की अनुमति माँगी।

# अभ्यास

Text-book.

## बोलिए

1. **पढ़िए**

उ. छात्र स्वयं करें।

2. **बताइए**

**क.** गुलीवर लिलिपुट कैसे पहुँचा?

**उ.** अचानक गुलीवर का जहाज़ तूफ़ान में फँस गया था। उसे तैरकर समुद्र से बाहर निकलना पड़ा। इस प्रकार वह लिलिपुट जा पहुँचा।

**ख.** लिलिपुट में एक आदमी ने चिल्लाकर क्या बोला?

**उ.** लिलिपुट में एक आदमी ने चिल्लाकर बोला—हेकिना देगुल।

**ग.** गुलीवर ने लिलिपुटवासियों से संकेत की भाषा में बात क्यों की?

**उ.** गुलीवर ने लिलिपुटवासियों से संकेत की भाषा में इसलिए बात की क्योंकि वह उनकी भाषा समझ नहीं सका।

**घ.** राजा ने गुलीवर की ज़जीरें क्यों खुलवा दी होंगी?

**उ.** राजा को गुलीवर पर भरोसा हो गया होगा इसलिए उसने उसकी ज़जीरें खुलवा दी होंगी।

**ङ.** भूख लगने पर गुलीवर ने संकेत द्वारा अपनी बात समझाई। आप किन-किन संकेतों का प्रयोग करते हैं? बताइए।

**उ.** छात्र स्वयं करें।

3. **सोचिए / मूल्यपरक प्रश्न**

✧ गुलीवर चाहता तो लिलिपुटवासियों का बंधन तोड़कर वहाँ के लोगों को बंधक बना सकता था लेकि
बल्कि स्वयं उनका बंधक बनकर रहा। क्यों? अपने विचार बताइए।

उ. गुलीवर लिलिपुटवासियों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहता था। वह उनकी स
मदद करना चाहता था। यही कारण था कि वह उनका बंधक बनकर रहा। (उदाहरण के अनुसार छा
रखें।)

# लिखिए

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. लिलिपुट के लोगों की ऊँचाई कितनी थी? ✓ छह इंच

ख. गुलीवर की चौकसी में कितने आदमी लगाए गए थे? ✓ पाँच सौ

2. **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

वहाँ के निवासी ............................ नियुक्त कर दिया।

क. कहाँ के निवासी बड़े अच्छे गणितज्ञ थे?

उ. लिलिपुट के निवासी बड़े अच्छे गणितज्ञ थे।

ख. लिलिपुट के लोग क्या बनाने में निपुण थे?

उ. लिलिपुट के लोग जहाज़ बनाने में निपुण थे।

ग. गुलीवर को राजमहल ले जाने में कितने घंटे लगे?

उ. गुलीवर को राजमहल ले जाने में चार घंटे लगे।

घ. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए—

जो गणित में निपुण हो — ···गणितज्ञ··· राजा का महल — ···राजमहल···

3. **नीचे दिए गए वाक्यों के लिए ✓ या ✗ लगाइए—**

क. गुलीवर टापू पर काम करता था। ✗

ख. ब्लेफुस्कू का सम्राट बहुत शक्तिशाली था। ✓

ग. गुलीवर ने पहली बार इतना छोटा आदमी देखा था। ✓

घ. वहाँ के निवासी बड़े अच्छे इतिहासकार थे। ✗

# समझिए व्याकरण संबोध

**1. पाठ में से अनुस्वार और अनुनासिकवाले दो-दो शब्द चुनकर लिखिए—**

अनुस्वारवाले शब्द — बंद, मंच

अनुनासिकवाले शब्द — पाँच, वहाँ

**2. दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| तार | धातु की डोर | पार करना |
| तीर | बाण | नदी का किनारा |
| बाल | केश | बालक |
| हार | माला | पराजय |

अब अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाकर कॉपी में लिखिए।

तार — चिड़िया **तार** पर बैठी है।
— गुरु जी ने मुझे दुखों से **तार** दिया।

तीर — एक **तीर** से दो शिकार मत करो।
— राधा नदी के **तीर** बैठी थी।

बाल — राघव अपने **बाल** काट रहा है।
— स्कूल में **बाल**-दिवस का कार्यक्रम चल रहा है।

हार — प्रधानाचार्य ने नेता जी को फूलों का **हार** पहनाया।
— भारतीय टीम ने **हार** स्वीकार नहीं की।

**3. इस पाठांश में परसर्ग पर गोले लगाइए—**

ब्लेफुस्कू के सैनिक उसके भीमकाय शरीर को देखकर दंग रह गए। उन्होंने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन वे सफल न हुए। लिलिपुट के राजा अपने नए मित्र से बहुत खुश हुए।

कुछ दिन बाद गुलीवर ने राजा से स्वदेश जाने की अनुमति माँगी। राजा ने सहर्ष अनुमति दे दी। उसके लिए एक विशाल जहाज़ बनाया गया। ढेर सारी खाद्य सामग्री और ज़रूरत का अन्य सामान भरकर राजा ने उसे विदा किया। गुलीवर अपने देश पहुँचकर बहुत खुश हुआ।



4. **निम्नलिखित योजकों से वाक्य बनाइए—**

और — ···रेवती गा रही है **और** सुलेखा नाच रही है।···

या — ···तुम चुपचाप बैठो **या** बाहर चले जाओ।···

इसलिए — ···मेरे दाँत में दर्द हो रहा था **इसलिए** मैंने खाना नहीं खाया।···

क्योंकि — ···रोहित दिल्ली नहीं जा सका **क्योंकि** वह बीमार था।···